रौल नं०......................नाम परीक्षार्थी.......................................................

X-1 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2024 ई० A

# हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय–3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 10 पूर्णांक – 70

निर्देश:–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. हिन्दी के प्रचारार्थ 'बनारस अखबार' का प्रकाशन किसने किया :– 1
(क) राजा शिवप्रसाद (ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(ग) सदासुखलाल (घ) बालकृष्ण भट्ट।

2. जयशंकर प्रसाद किस युग से सम्बन्धित हैं :– 1
(क) द्विवेदी युग (ख) शुक्लोत्तर युग
(ग) शुक्ल युग (घ) भारतेन्दु युग।

3. छायावादोत्तर युग के गद्य–लेखक हैं :– 1
(क) धर्मवीर भारती (ख) डॉ. श्यामसुन्दर दास
(ग) बालमुकुन्द गुप्त (घ) मिश्रबन्धु।

4. 'आखिरी चट्टान' किस विधा की रचना है :– 1
(क) यात्रावृत्त (ख) संस्मरण
(ग) रिपोर्ताज (घ) भेंटवार्ता।

5. 'प्रताप नारायण मिश्र' किस युग के लेखक हैं :– 1
(क) द्विवेदी युग (ख) भारतेन्दु युग
(ग) शुक्ल युग (घ) शुक्लोत्तर युग।

6. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने वकालत किस वर्ष आरम्भ की :– 1
(क) 1920 ई. (ख) 1911ई.
(ग) 1921 ई. (घ) 1922 ई.।

7. निम्न में से रीतिकालीन कवि कौन–सा है :– 1
(क) मीराबाई (ख) रसखान
(ग) घनानन्द (घ) मैथिलीशरण गुप्त

8. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' युग के कवि हैं :– 1
(क) भारतेन्दु युग (ख) प्रगतिवाद–युग
(ग) द्विवेदी–युग (घ) छायावाद–युग।

9. 'तार सप्तक' के सम्पादक हैं :– 1
(क) सच्चि. ही. वात्स्यायन अज्ञेय (ख) नरेन्द्र शर्मा
(ग) भवानीप्रसाद मिश्र (घ) केशव।

(पृष्ठ पलटिए)

**10.** निम्नलिखित का स्थायी भाव लिखिए :- 1

ब्रज के बिरही लोग दुखारे'

(क) शोक (ख) हास

(ग) रति (घ) भय।

**11.** मनहुँ, मानो, जनु, जानो आदि वाचक शब्द किस अलंकार में प्रयुक्त होते हैं :- 1

(क) उत्प्रेक्षा (ख) रूपक

(ग) उपमा (घ) यमक।

**12.** किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग हुआ है :- 1

(क) उपकार (ख) लाभदायक

(ग) पढ़ाई (घ) अपनापन।

**13.** निम्न में से किस शब्द में प्रत्यय लगा हुआ है :- 1

(क) सागर (ख) नगर

(ग) अगर-मगर (घ) जादूगर।

**14.** 'देश-विदेश' में समास है :- 1

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु

(ग) द्वन्द्व (घ) इनमें से कोई नहीं।

**15.** पृथ्वी का पर्यायवाची शब्द है :- 1

(क) रत्नगर्भा (ख) हिरण्यगर्भा

(ग) वसुमती (घ) स्वर्णमयी।

**16.** त्रिवेणी शब्द में समास है :- 1

(क) द्विगु (ख) अव्ययीभाव

(ग) द्वन्द्व (घ) कर्मधारय।

**17.** स्वागतम् में सन्धि है :- 1

(क) यण (ख) गुण

(ग) वृद्धि (घ) अयादि।

**18.** पवित्र का सही सन्धि-विच्छेद है :- 1

(क) पव् + इत्र (ख) पवः + इत्र

(ग) पौ + इत्र (घ) पो + इत्र।

**19.** उत् + हार के योग से कौन-सा शब्द बनेगा :- 1

(अ) उतार (ब) आहार

(स) उदार (द) उद्धार।

**20.** पठ धातु के लट् लकार प्रथम पुरुष, वहुवचन का रूप है :- 1

(क) पठन्ति (ख) पठतः

(ग) पठति (घ) पठथः।

## खण्ड-ब (वर्णात्मक प्रश्न)

**21.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

हे भगवान! तब के लिए! विपद के लिए! इतना आयोजन! परमपिता की इच्छा के विरूद्ध इतना साहस! पिताजी, क्या भीख न मिलेगी? क्या कोई हिन्दू भू-पृष्ठ पर न बचा रह जाएगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके? यह असम्भव है। फेर दीजिए पिताजी, मैं काँप रही हूँ-इसकी चमक आँखों को अन्धा बना रही है।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) किस वस्तु की चमक ममता की आँखों को अन्धा बना रही थी?

**अथवा**

ईर्ष्या मनुष्य का चारित्रिक दोष नहीं है, प्रत्युत इससे मनुष्य के आनन्द में भी बाधा पड़ती है। जब भी मनुष्य के हृदय में ईर्ष्या का उदय होता है, सामने का सुख उसे मद्धिम-सा दिखने लगता है। पक्षियों के गीत में जादू नहीं रह जाता और फूल तो ऐसे हो जाते हैं, मानो वह देखने के योग्य ही न हों।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) ईर्ष्यालु व्यक्ति का सबसे बड़ा पुरस्कार क्या है?

22. निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

ऊधौ मोहिं व्रज बिसरत नाहिं।
बृन्दावन गोकुल बन उपबन, सघन कुंज की छाहीं।
प्रात समय माता जसमुति, अरु नंद देखि सुख पावत॥
माखन रोटी दह्यौ सजायौ, अति हित साथ खवावत।
गोपी ग्वाल बाल संग खेलत, सब दिन हँसत सिरात॥
सूरदास धनि-धनि व्रजवासी, जिनसौं हित जदु-तात।

(अ) स्याम सुन्दर का सखा कौन है और उसकी क्या विशेषता है?

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) उपर्युक्त पंक्तियों में किस समय का वर्णन है?

**अथवा**

सच्चा प्रेम वही है जिसकी-
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर॥
देश-प्रेम वह पुण्य-क्षेत्र है,
अमल असीम, त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास से जिसमें,
मनुष्यता होती है विकसित॥

(अ) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।

(ब) 'करो प्रेम पर प्राण निछावर' में कौन-सा अलंकार है?

(स) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

23. (क) निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 5

पुनः ग्रामीणोऽब्रवीत्-"इदानीं भवान् पृच्छतु प्रहेलिकाम्।" दण्डदानेन खिन्नः नागरिकः बहुकालं विचार्य न काञ्चित् प्रहेलिकाम् अस्मरत्। अतः अधिकं लज्जमानः अब्रवीत्-"स्वकीयायाः प्रहेलिकायाः त्वमेव उत्तरं ब्रूहि।" तदा सः ग्रामीणः विहस्य स्वप्रहेलिकायाः सम्यक् उत्तरम् अवदत्-"पत्रम्" इति।

**अथवा**

(पृष्ठ पलटिए)

अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते। मानवजीवनं संस्कर्तुम् एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्तिं च प्राप्नोति। अत्र दुराग्रहः नास्ति, यत् युक्तियुक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं गृहीतं भवति।

24. निम्न पद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 5

उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।<br>
वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥

अथवा

किंस्विद् गुरुतरं भूमेः किंस्विदुच्चतरं च खात्।<br>
किंस्विद् शीघ्रतरं वातात् किंस्विद् बहुतरं तृणात्॥<br>
माता गुरुतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।<br>
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्॥

25. 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

अथवा

'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग का सारांश लिखिए।

26. (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए :- 5

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख कृतियों के नाम लिखिए :- 5

(अ) रसखान (ब) बिहारी लाल

(स) रामनेरश त्रिपाठी।

27. अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

28. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए :- 4

(क) दाराशिकोहः वाराणसीं आगत्य किम् अकरोत्?

(ख) भ्रमर चिन्तयति गजः किम् अकरोत्?

(ग) वीरः केन पूज्यते?

(घ) ग्रामीणान् कः उपाहसत्?

29. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए :- 9

(क) भारत के राष्ट्रीय त्यौहार

(ख) देशप्रेम या स्वदेश प्रेम

(ग) बेरोजगारी की समस्या।

(घ) भ्रष्टाचार : कारण और निवारण